SARTHAK
An ISO 9001 : 2008 Certified Co.
CIN-L51102CT1995PLC009772

SARTHAK METALS LIMITED
(Formerly : Sarthak Metals Marketing Private Limited)

**Date: 14/08/2026**

| | |
|---|---|
| **To,**<br>**The Manager,**<br>**Listing & Compliance,**<br>**BSE Limited**<br>**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**<br>**Dalal Street, Mumbai,**<br>**400 001.**<br><br>**Ref: Scrip Code - 540393** | **To,**<br>**Listing Department,**<br>**National Stock Exchange of India Limited,**<br>**C-1, G-Block, Bandra-Kurla Complex Bandra (E), Mumbai,**<br>**400 051**<br><br>**Ref: Scrip Symbol – SMLT** |

**Sub: Publication of Un-Audited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2026.**

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, please find enclosed herewith the copies of publication of Un-Audited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2026, published in the following newspapers:

1. Financial Express (National Daily newspaper – Mumbai – English Edition), on 14th August, 2026.
2. Shram Bindu (Regional Daily newspaper – Hindi Edition), on 14th August, 2026.

Please find enclosed herewith a copy of the paper cuttings of the same.

**Thanking You,**
**Yours faithfully,**
**For Sarthak Metals Limited**

PRATIK JAIN
Digitally signed by PRATIK JAIN
Date: 2026.08.14 10:24:33 +05'30'

**Pratik Jain**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Encl. as above**

**Head Office :**
BBC Colony, G.E. Road,
P.O. : Khursipar, Bhilai - 490 011 (C.G.)
Contact : +91 91 1101 5041
Landline : +91 788 2296495, 2296499
Telefax : +91 788 2225874
E-mail : info@sarthakmetals.com

**Works :**
17 - N, Heavy Industrial Area,
hathkhoj, Bhilai - 490 026 (C.G.)
Contact : +91 91 1101 5042
Web : www.sarthakmetals.com

URS UKAS MANAGEMENT SYSTEMS 043-A

[ खास खबर ]

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतिम रिहर्सल का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा



श्रमबिन्दु / नारायणपुर

जिले में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतिम रिहर्सल का कलेक्टर नम्रता जैन और पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल ने गुरुवार को प्रातः 9:00 बजे जायजा लिया। समारोह जिला मुख्यालय स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम का अंतिम अभ्यास किया गया, जिसके अंतर्गत मुख्य अतिथि के भूमिका में अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई द्वारा आगमन पश्चात् उनके द्वारा ध्वजारोहण, हर्ष सूचक गुब्बारा छोड़ना, मुख्यमंत्री के संदेश वाचन, शहीदों के परिजनों का सम्मान, परेड कमांडरो से परिचय सहित पुलिस, स्वास्थ्य, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान इत्यादि गतिविधियों की रिहर्सल की गई। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल की गई।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नारायण प्रसाद साहू एवं परियोजना अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, अक्षय सबद्रा, एसडीएम अभयजीत मंडावी, डिप्टी कलेक्टर सौरभ दीवान, तहसीलदार सौरभ चौरसिया, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्रनाथ पांडे,नगर पालिका सीएमओ रामचंद यादव सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बस्तर तिरंगा यात्रा हलामी मुंजमेटा, झारा, धौड़ाई और कन्हारगांव पहुंची, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

श्रमबिन्दु / नारायणपुर



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित बस्तर तिरंगा यात्रा 2026 बुधवार को हलामी मुंजमेटा, झारा, धौड़ाई और कन्हारगांव पहुंची। यात्रा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री तथा नारायणपुर विधायक केदार कश्यप शामिल हुए। हलामी मुंजमेटा में नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों और ग्रामीणों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया गया। झारा में 'एक पेड़ शहीदों के नाम' अभियान के तहत वट, आंवला, आम और काजू के पौधे लगाए गए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में शांति और विकास का नया दौर शुरू हुआ है तथा अब गांवों में तिरंगा फहराने और मेलों के आयोजन में कोई बाधा नहीं है। उन्होंने लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा लगाने की अपील भी की। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने शहीदों की स्मृति में अपने गांव की पवित्र मिट्टी भेंट की, जिसे शहीद संग्रहालय में सुरक्षित रखा जाएगा। धौड़ाई और कन्हारगांव में भी पौधारोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत 291.48 लाख रुपये की लागत के 48 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

## हरेली संध्या में ग्रामीण खेलों का आयोजन

श्रमबिन्दु / साजा



छत्तीसगढ़ की पहले त्यौहार हरेली के अवसर पर शिवाजी चौक कुर्मीपारा साजा में स्थानीय महिलाओं, युवक-युवतियों व प्रोढ़जनों को जोड़ने की दृष्टि से ग्रामीण एवं रोचक खेलों नारियल फेंक, नारियल फोड़ एवं कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छोटे बच्चों सहित प्रोढ़जनों ने भी अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया। इस मौके पर 200 वर्ष पुराने निम पेड़ के नीचे संध्या काल में आयोजित इस खेल का संचालन तेज कुमार वर्मा ने करते हुए सभी समुदाय के लोगों को प्रेरित कर कहा कि त्यौहारों के अवसर पर मिलजुल कर अपने आनंद और उत्साह का प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। वहीं लोक संस्कृति कर्मी व जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की मूर्ति स्थापित कर निरंतर उनके विचारों, लोक संस्कृति व? साहित्य को बढ़ावा को देने, संरक्षण हेतु नगर पंचायत साजा व आसपास में प्रसारित करने की अपील की। इस मौके पर प्रेमल, उषा, तन्मय, चिन्नमय, मेघा, प्रियल, सोनू राजपूत, सोनू वर्मा, प्रतीक, चंद्र प्रकाश, सुरेश, चुनेश्वरी, लुकेश्वरी, शीतल, चित्ररेखा, नारायणी, रोहित, सुशीला, कांति, रवि प्रकाश वर्मा, पार्षद मुकेश, आशीष वर्मा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने सहभागियों और उपस्थित जनों को हरेली तिहार की शुभकामनाएं देते हुए ऐसे सरस आयोजनों से लोगों में समरसता बढ़ाने की अपील की ।

# 24 घंटे में 8 घंटे ही मिल रही बिजली, अटल ज्योति की सप्लाई भी बाधित

श्रमबिन्दु / अर्जुन झा



दाढ़ी अंचल में बिजली की अनियमित आपूर्ति से किसान और आम नागरिक परेशान हैं। अंचल के करीब 50 से अधिक गांवों में ग्रामीणों का कहना है कि 24 घंटे में मुश्किल से 8 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। रात-रातभर बिजली बंद रहने से जहां सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं सिंचाई के अभाव में खेतों में लगी धान की फसल सूखने लगी है। किसानों के लिए अलग से निर्धारित अटल ज्योति योजना की बिजली भी नियमित रूप से नहीं मिल पा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि दाढ़ी अंचल में पिछले 12-13 वर्षों से बिजली आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। हर साल खेती के सीजन में किसानों को बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता है। इस बार भी स्थिति गंभीर होती जा रही है। पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण किसान पहले ही सिंचाई के लिए बिजली पर निर्भर हैं। ऐसे में लगातार बिजली बंद रहने से धान की फसल पर संकट गहरा गया है।

ग्राम बेरा निवासी गुने राम चतुर्वेदी ने बताया कि 24 घंटे में बड़ी मुश्किल से करीब 8 घंटे बिजली मिल रही है। कई बार रात में घंटों बिजली बंद रहती है। इससे घरों में पंखे, कूलर और अन्य जरूरी विद्युत उपकरण बंद हो जाते हैं। उमस और गर्मी के बीच लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली बंद होने की स्थिति में यह भी स्पष्ट नहीं रहता कि सप्लाई कब बहाल होगी।

किसानों के लिए सबसे बड़ी चिंता खेतों की सिंचाई को लेकर है। अटल ज्योति योजना के तहत कृषि पंपों को निर्धारित समय में बिजली मिलना जरूरी है, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार सप्लाई बाधित होने से पंप चलाने का पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। कई किसानों के खेतों में पानी की कमी के कारण धान के पौधे मुरझाने लगे हैं।

बिजली संकट को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सूरज साहू ने क्षेत्र में नियमित और पर्याप्त बिजली आपूर्ति की मांग की है। उनका कहना है कि किसानों की खेती पूरी तरह सिंचाई पर निर्भर है। यदि समय पर बिजली नहीं मिली तो धान की फसल को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने विद्युत विभाग से व्यवस्था में सुधार कर कृषि एवं घरेलू दोनों उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर किसान और ग्रामीण अनशन पर बैठने के लिए भी बाध्य होंगे। ग्रामीणों गेंदराम साहू, संतोष नामदेव, रामकुमार, अजय, रामकृष्ण, योगेश, रोहित साहू, धन्ना चंद्राकर और सेवा चंद्राकर सहित अन्य लोगों ने नियमित बिजली आपूर्ति की मांग की है।

## पूर्व माध्यमिक शाला रालापल्ली में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



श्रमबिन्दु / बीजापुर

पूर्व माध्यमिक शाला रालापल्ली में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में शाला के बच्चों के साथ गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ गांव में भ्रमण किया। इस अवसर पर बच्चों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और एकता की भावना देखने को मिली। ग्रामीणों एवं नागरिकों ने भी तिरंगा यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक कमल सिंह कोर्राम, शिक्षक श्रीनिवास एटला, शिक्षक मनीष कुमार, शिक्षक पिंकी इक्का, प्रधान अध्यापक अंजली ताडूरी एवं सहायक शिक्षक राजन्ना आनकारी सहित शाला के विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया।

## आरागाही में स्कूली छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें

श्रमबिन्दु / बलरामपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरागाही में सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह नजर आया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचंद्रपुर अध्यक्ष श्री मुंद्रिका सिंह, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय तक पहुंचने में सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें शिक्षा से जोड़कर उनके भविष्य को बेहतर बनाना है। साइकिल मिलने से विद्यालय से दूर रहने वाली छात्राओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। जनप्रतिनिधियों ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं के लिए विद्यालय तक पहुंचना आसान हो रहा है।

# आत्मनिर्भरता और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ते बालिकाओं के कदम

## एनएमडीसी बालिका शिक्षा योजना दे रही नर्स बनने में भरपूर सहयोग

श्रमबिन्दु / बचेली

दक्षिण बस्तर के दूरस्थ अंचल में उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एनएमडीसी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एनएमडीसी, बचेली कॉम्प्लेक्स के सीएसआर विभाग द्वारा दिनांक 13 अगस्त 2026 को जावंगा स्थित एनएमडीसी पॉलिटेक्निक एवं आस्था विद्या मंदिर परिसर में नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।

इस परीक्षा की आधिकारिक सूचना 14 जुलाई 2026 को प्रमुख समाचार पत्रों के माध्यम से जारी की गई थी, जिसके बाद बड़ी संख्या में योग्य छात्राओं ने अपना



ऑनलाइन पंजीकरण कराया।

इस परीक्षा में कुल 698 पात्र छात्राओं में से 546 छात्राओं ने भाग लिया। इस लिखित परीक्षा के संचालन हेतु अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, यशोदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, किम्स कॉलेज एंड स्कूल ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद एवं अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग आरागोंडा (चित्तूर) से आए वरिष्ठ शिक्षकों की टीम ने संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी की।

यह संपूर्ण लिखित परीक्षा उप महाप्रबंधक (मा.सं.) सीएसआर, जोसी थॉमस के मार्गदर्शन एवं सीएसआर विभाग के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अभ्यर्थियों का चयन मेरिट (योग्यता) के आधार पर किया जाएगा। मेरिट में स्थान पाने वाली छात्राओं का आवश्यक मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा, जिसके बाद उन्हें संबंधित नर्सिंग कॉलेजों में सीधे प्रवेश दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि चयनित छात्राओं की पढ़ाई, आवास और प्रशिक्षण का संपूर्ण वित्तीय खर्च एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा वहन किया जाएगा।

एनएमडीसी की इस सीएसआर पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभावान छात्राओं को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट करियर अवसर प्रदान करना है।

## हरियाली पर्व का शुभारंभ माता पार्वती ने किया था : शंकराचार्य

श्रमबिन्दु / साजा



समीपस्थ ग्राम सलधा में सवा लाख शिवलिंग के ऐतिहासिक मंदिर निर्माण के साथ चल रहे चातुर्मास प्रवास के दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने हरियाली पर्व की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता बताई। आयोजन में ग्राम रौद्रा के ग्रामीणों ने पादुका पूजन किया। दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज ने सलधा में शिवलिंग स्थापित करने वाले भक्तों के नामों की घोषणा की, वहीं अप्रमेय स्वामी जी ने विरुदावली का वाचन किया।

शंकराचार्य जी ने कहा कि हरियाली छत्तीसगढ़ का आदि पर्व है और इसकी शुरुआत माता पार्वती जी ने की थी। माता पार्वती द्वारा भगवान शिव को बिल्वपत्र एवं हरी पत्तियां अर्पित करने की परंपरा से हरियाली पर्व की शुरुआत मानी जाती है। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रकृति, कृषि और भगवान शिव के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। इस दिन किसान अपने कृषि उपकरणों एवं अन्य यंत्रों की पूजा करते हैं।

शंकराचार्य जी ने कथा प्रसंग में भगवान शिव की पुत्री अशोक सुंदरी और नहुष की कथा सुनाते हुए कहा कि अशोक सुंदरी ने राक्षस हुंड के विवाह प्रस्ताव को ठुकरा दिया था और कहा था कि वह अपने माता-पिता की इच्छा के अनुसार ही विवाह करेंगी। इसके बाद हुंड ने नहुष का अपहरण कर लिया, लेकिन नहुष को वशिष्ठ जी के आश्रम में पहुंचा दिया गया, जहां उनका पालन-पोषण हुआ। दूसरी ओर अशोक सुंदरी तपस्या करती रहीं। आगे चलकर नहुष ने हुंड दैत्य का वध किया और शुभ मुहूर्त में अशोक सुंदरी एवं नहुष का विवाह हुआ।

उन्होंने बताया कि नहुष कुछ समय के लिए इंद्र पद पर भी विराजमान हुए थे, लेकिन ऋषियों के श्राप से सर्प योनि में चले गए। बाद में भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से उन्हें मुक्ति मिली। शंकराचार्य जी ने भगवान शिव के परिवार से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख करते हुए भद्रा एवं नाग कन्याओं की कथा भी सुनाई। उन्होंने कहा कि शिवलिंग एवं जलाधरी की स्थापना में भगवान शिव के साथ पूरा शिव परिवार समाहित माना जाता है।

आयोजन में दूर-दूर से पहुंचे कलाकारों ने भजन एवं नृत्य की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आयोजन में शामिल होकर शंकराचार्य जी के प्रवचन का श्रवण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## 80 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का हुआ अंतिम पूर्वाभ्यास

श्रमबिन्दु / बलरामपुर



बलरामपुर स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज जिला मुख्यालय बलरामपुर स्थित पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह का फाइनल रिहर्सल किया गया।

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव के मार्गदर्शन में पूरे कार्यक्रम का मिनट-टू-मिनट पूर्वाभ्यास किया गया। रिहर्सल में अपर कलेक्टर श्री आर.एस. लाल ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली।

फाइनल रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी गतिविधियों का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यास किया गया। सर्वप्रथम वंदे मातरम का गायन किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री आर. एस. लाल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान परेड में शामिल विभिन्न सशस्त्र बलों एवं विद्यालयीन दलों ने अनुशासित एवं आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। शस्त्रधारी जवानों द्वारा तीन चक्र में हर्ष फायर का भी प्रदर्शन किया गया। परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक श्री विमलेश कुमार देवांगन एवं परेड टू-आईसी सूबेदार रक्षित केंद्र सुश्री ज्योति साहू द्वारा किया गया। समारोह में 12वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रामानुजगंज, 10वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल डी कम्पनी, 11वीं वाहिनी बी कम्पनी , जिला पुलिस बल पुरुष एवं महिला, नगर सेना, वन विभाग, एनसीसी शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर सहित विभिन्न विद्यालयों के दलों ने मार्च-पास्ट का पूर्वाभ्यास किया।

विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी पूर्वाभ्यास किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। फाइनल रिहर्सल के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव ने समारोह स्थल का निरीक्षण कर मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग, प्रवेश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# भानबेड़ा में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

श्रमबिन्दु / भानुप्रतापपुर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानबेड़ा के प्रांगण से आज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय ग्रामीणों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करना था।

विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई यह तिरंगा यात्रा गाँव के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होती हुई गुजरी। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। भारत माता की जय, वंदे मातरम और अमर शहीदों का बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान जैसे देशभक्ति के गगनभेदी नारों से पूरा भानबेड़ा क्षेत्र गुंज उठा।

यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज के साथ देशभक्ति के नारों की तख्तियां ले रखी थीं। ग्रामीणों ने भी जगह-जगह पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य राकेश द्विवेदी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को सींचने का एक माध्यम है।

इस भव्य तिरंगा यात्रा में विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, स्काउट गाइड, रेडक्रॉस, इको क्लब का विशेष और सराहनीय योगदान रहा।

यात्रा के साथ-साथ एनएसएस इकाई द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया और यात्रा मार्ग में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर जेआर तेता, कार्यक्रम अधिकारी रवि प्रकाश लोहसिंह, राजेश शर्मा, महेश यादव, मीनेश्वर ठाकुर, राजेश चालकी, अंजू कोमरे, स्मिता सलाम, लुकेश्वरी दीवान, सरस्वती कोठारी, बली राम उइके, मणिशंकर साहू, अनीश तरार, चंद्रशेखर दुर्गे, शाला समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, उपाध्यक्ष मीना बघेल, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, बसंत बघेल, सीमा सोनवानी, उर्मिला ठाकुर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनभागीदारी समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

यात्रा के समापन पर विद्यालय परिसर में राष्ट्रगान का गायन किया गया और विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया गया।

SARTHAK
SARTHAK METALS LIMITED
Corporate Identity Number : L51102CT1995PLC009772
Registered Office : B.B.C Colony, G. E. Road, Khursipar, Bhilai - 490011, Chhatisgarh, India
Contact No. +91-9303773708 Website : www.sarthakmetals.com E-mail: cs@sarthakmetals.com
EXTRACT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026
*Scan the below QR code to view the Financial Results for the Quarter ended June 30,2026:*
For and on behalf of the Board
for Sarthak Metals Limited
Sd/-
Anoop Kumar Bansal
Managing Director
DIN: 01661844
Place: Bhilai, Chhattisgarh
Date: 13/08/2026